संख्या आर/जीएडी/1 क्रम संख्या-

(38)

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

निविदा प्रपत्र

निविदा प्रपत्र मूल्य रु0 1000/- मात्र (अप्रदेय)

सम्वत् 2068 के विश्वपंचांग के विक्रय हेतु निविदा आमंत्रण प्रपत्र

प्रातः स्मरणीय, महामना पं. मदन मोहन मालवीय जी द्वारा प्रकाशित सुप्रसिद्ध विश्व पंचांग का 86 वाँ अंक अपनी अक्षुण्ण परम्पराओं के अनुरूप विक्रय हेतु शीघ्र सुलभ होने वाला है।

विश्वपंचांग की मूलभूत विशेषतायें

1. *शुद्ध भारतीय पद्धति (सूर्य सिद्धान्त) द्वारा इसका निर्माण किया जाता है।*
2. *इस पंचांग मे ज्योतिषविषयक विविध सामग्री, प्रायः सभी महत्त्वपूर्ण मुहूर्तों के उपकरण तथा व्रत पर्वों के निर्णय धर्मशास्त्रीय आधार पर दिये जाते हैं*
3. *संध्या, तर्पण, जप, विशिष्ट अवसरों हेतु पूजन-विधि के साथ -साथ लगभग 29(उन्तीस) व्रत-कथा एवं उपाख्यानों का संग्रह प्रति वर्ष दिया जाता है।*

प्रतिष्ठित पुस्तक विक्रेताओं से विश्वपंचांग के सम्वत् 2068 अंकों की प्रतियों की बिक्री हेतु बंद लिफाफा में निम्न शर्तों पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. बिक्री-राशि पर कमीशन का दर निम्नवत् होगा ।

प्रतियों की संख्या	कमीशन
01 से 50,000 तक	35 प्रतिशत
50001 से 75,000 तक	40 प्रतिशत
75001 या उससे अधिक	45 प्रतिशत

2. बिक्री हेतु कम से कम 35,000 विश्वपंचांग की प्रतियां उठाना आवश्यक होगा ।
3. निविदा स्वीकृत होने पर निविदाकर्ता द्वारा रु0 75000/- सुरक्षा राशि के रूप में जमा करने होगें ।
4. विश्वविद्यालय के पास बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत अथवा एक से अधिक निविदाकर्ताओं में बिक्री हेतु पंचांग वितरित करने का अधिकार सुरक्षित है ।
5. पंचांग का मूल्य रु0 30/- एक प्रति
6. बाईंडिंग खर्च (खुले प्रतियों के लिए) रु0 480/- एक हजार प्रति हेतु
7. प्रतियों का मूल्य बैंकर्स चेक द्वारा जमा करना होगा जो "कुलसचिव" काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के नाम देय हो।
8. एक अनुबन्ध पत्र जिसमें यह उल्लिखित होगा कि कम से कम 35,000 प्रतियां अवश्य क्रय करना होगा (निविदा स्वीकृत होने के बाद देय होगा)।
9. निविदा स्वीकृत हो जाने पर 35,000 प्रतियों से अधिक की मांग यदि हो तो 15 दिन पूर्व अग्रिम भुगतान के साथ सूचना देने पर प्रतियां उपलब्ध होगी।
10. ***पूर्ण रूप से भरी निविदायें कुलसचिव (सामान्य प्रशासन) के कार्यालय में दिनांक 15 सितम्बर, 2010 को 3.00 बजे अपराह्न तक जमा की जा सकती है। निविदायें उसी दिन 3.30 बजे अपरान्ह समिति कक्ष संख्या-2, केन्द्रीय कार्यालय में खोली जायेगी।***

प्रतिष्ठान द्वारा भरा जाय

मैं (नाम) .... वास्ते (प्रतिष्ठान का नाम) ....

पूरा पता .... उपरोक्त शर्तों एवं नियम से सहमत हूँ और विश्वपंचांग 2068 की कम से कम 35000 प्रतियाँ अवश्य उठा लूँगा । मेरी निविदा स्वीकृत हो जाने पर मेरे द्वारा उपरोक्त नियम एवं शर्तों में किसी प्रकार की अनियमितता या ढील पाये जाने पर मेरी निविदा निरस्त कर दी जाय और सुरक्षा-धनराशि जब्त कर ली जाय।

दिनांक

नाम-

प्रतिष्ठान का नाम-

पूरा पता -

नोट : निविदा प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड कर रू.1000 /- मात्र का डिमाण्ड ड्राफ्ट (अप्रदेय) कुलसचिव, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के नाम से देय, के साथ भी कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं।

(37)

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

विश्वपंचांग सं.2068 के प्रतियों के विक्रय हेतु निविदा आमंत्रण

प्रतिष्ठित पुस्तक विक्रेताओं से विश्वपंचांग संवत् 2068 अंक की न्यूनतम 35000 प्रतियों की विक्री हेतु वंद लिफाफा में निम्न शर्तों पर निविदा आमंत्रित किये जाते हैं: निविदा प्रपत्र मूल्य रू.1000 मात्र (अप्रदेय), विक्री राशि पर कमीशन 35 प्रतिशत। विश्वविद्यालय के पास विना कोई कारण वताये किसी निविदा को अस्वीकृत करने अथवा एक से अधिक निविदाकर्ताओं में विक्री हेतु पंचांग वितरित करने का अधिकार सुरक्षित है। कुलसचिव (सामान्य प्रशासन), वाराणसी- 221005 के कार्यालय से निविदा प्रपत्र कार्य दिवसों में 10.30 वजे से 3.00 वजे के मध्य 15 सितम्वर, 2010 तक प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं। विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेवसाइट www. bhu. ac. in पर भी उपलव्ध है। निविदा प्रपत्र वेवसाइट से डाउनलोड कर रू.1000 मात्र का डिमाण्ड ड्राफ्ट कुलसचिव, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के नाम से देय, के साथ भी कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं।

कुलसचिव